राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# प्रधानमंत्री श्री मोदी ने लिखी है पुस्तक

## राज्यपाल श्री मिश्र ने 'एग्जाम वॉरियर्स' का लोकार्पण किया

जयपुर, 18 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिखी गई पुस्तक 'एग्जाम वॉरियर्स' के हिंदी और अंग्रेजी संस्करण का बुधवार को राजभवन में लोकार्पण किया। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (एनबीटी) द्वारा इस पुस्तक का भारत भर में उपयोग सुनिश्चित करने के लिए इसका विभिन्न भाषाओं में अनुवाद किया गया है।

लोकार्पण के बाद श्री मिश्र ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए ही नहीं यह शिक्षकों और अभिभावकों के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि श्री मोदी ने मूलतः परीक्षा के दौरान बच्चों में होने वाले तनाव के संदर्भ में इस पुस्तक का लेखन किया है। पर इसमें जीवन प्रबन्धन पर भी विशिष्ट जानकारियां दी गई है।

उन्होंने बताया कि पुस्तक में विद्यार्थियों की सहायता के लिए योग के कई आसनों के साथ ही परीक्षा को उत्सव, उमंग और उल्लास से देने, परीक्षा पर हंसते हुए जाने और मुस्कराते हुए आने, वर्तमान में रहने, खेलों से जीवन सँवारने आदि पर भी महती सूत्र दिए गए हैं। पुस्तक में शिक्षकों को पत्र लिखने के साथ ही ज्ञान को स्थायी सम्पदा बताते जीवन भर सीखने का आह्वान किया गया है।

एनबीटी के निदेशक श्री युवराज मलिक ने बताया कि शिक्षा मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय पुस्तक न्यास द्वारा असमी, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु, उर्दू आदि भारतीय भाषाओं में इसके अनुदित संस्करण प्रकाशित किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 'परीक्षा पे चर्चा' संवाद प्रयोजन से इसे लिखा था।

————